# FAIR REPORT

*THE DAWN OF A FEARLESS PEN*

Jaipur, Wednesday, 05 November 2025 | PRGI No. - T/RJ/BIL/00000020 | Vol 1 | Issue No.- 61 | Pages 04 | ₹3.00


# India and Israel Pledge Deeper Strategic Cooperation; Reaffirm Zero Tolerance for Terrorism

FAIR REPORT

**New Delhi :** In a major boost to India–Israel relations, External Affairs Minister Dr. S. Jaishankar held wide-ranging discussions with Israel's Foreign Minister Gidon Sa'ar in New Delhi on Monday. The meeting underscored the growing depth of the India–Israel Strategic Partnership, covering defence, innovation, agriculture, water management, cybersecurity, and counterterrorism. Both ministers reaffirmed their nations' unwavering commitment to combating terrorism in all its forms and manifestations. They emphasized the need for global unity in confronting extremist ideologies and transnational terror networks that threaten regional and international stability.

During the meeting, Foreign Minister Sa'ar shared Israel's perspective on ongoing developments in West Asia, particularly the evolving situation in



Gaza and the country's proposed Gaza Peace Plan. The two sides exchanged views on achieving a durable, peaceful resolution that ensures security, stability, and prosperity for all people in the region.

Dr. Jaishankar reiterated India's consistent stance on promoting dialogue, humanitarian assistance, and sustainable peace in the Middle East, while safeguarding global stability through multilateral cooperation. The ministers also discussed ways to enhance coordination in multilateral fora, including the United Nations and other global platforms, to address emerging geopolitical and security challenges. A key highlight of the meeting was the exchange of a Memorandum of Understanding (MoU) on Training, aimed at enhancing institutional collaboration and capacity-building between India and Israel. This MoU reflects the shared vision of leveraging technology, knowledge exchange, and human resource development for mutual benefit.

The visit by Foreign Minister Sa'ar marks another significant milestone in the evolving partnership between India and Israel — one that continues to blend strategic depth with shared democratic values and a collective commitment to global peace and security.

## India and Sri Lanka Reaffirm Deep-rooted Ties; Focus on Strengthening Parliamentary Cooperation

FAIR REPORT

**New Delhi** : In a significant diplomatic engagement reflecting the warmth of India–Sri Lanka relations, H.E. Sajith Premadasa, Leader of the Opposition in the Parliament of Sri Lanka, called on Indian leaders at the Parliament House in New Delhi today. The meeting underscored the enduring bonds of friendship, democratic values, and mutual trust that have long characterized relations between the two neighbouring nations.



During the discussions, both sides exchanged views on enhancing parliamentary cooperation, institutional dialogue, and people-to-people engagement. Emphasis was placed on strengthening democratic institutions and promoting exchanges between lawmakers, officials, and civil society to build greater mutual understanding and collaboration.

The talks also touched upon the shared historical and cultural heritage of India and Sri Lanka — rooted in centuries of civilizational exchange, spiritual connection, and linguistic affinity. The Indian side reaffirmed its steadfast support for Sri Lanka's progress, stability, and economic recovery, emphasizing that a strong and prosperous Sri Lanka is vital for regional peace and development in South Asia.

Leader of the Opposition Sajith Premadasa appreciated India's consistent role as a reliable partner, acknowledging New Delhi's timely assistance during Sri Lanka's recent economic challenges, including humanitarian and developmental support. He also expressed optimism about expanding cooperation in areas such as education, trade, digital innovation, and tourism.

The meeting reaffirmed the mutual commitment to democratic governance, transparency, and regional harmony, while exploring new avenues of partnership for shared prosperity. Both sides agreed that the strength of India–Sri Lanka relations lies not only in government-to-government ties but also in the deep goodwill between their peoples — a foundation that continues to guide the partnership into a new era of collaboration and growth.

## India Reaffirms Commitment to Sri Lanka's Development Under 'Neighbourhood First' Policy



FAIR REPORT

**New Delhi:** In a significant diplomatic engagement underscoring India's "Neighbourhood First" policy, Indian leadership on Monday met with Leader of the Opposition of Sri Lanka, Sajith Premadasa, in New Delhi. The meeting reflected India's continued emphasis on fostering strong ties with its immediate neighbours and reaffirmed its unwavering support for Sri Lanka's progress and prosperity.

During the discussions, both sides exchanged views on the current trajectory of India–Sri Lanka relations, regional cooperation, and the shared vision of stability and development in the Indian Ocean region. The talks also highlighted the importance of people-to-people connectivity, economic partnership, and cultural linkages that have historically defined the relationship between the two nations.

India reiterated its commitment to support Sri Lanka's developmental priorities, including infrastructure, renewable energy, digital transformation, and capacity-building initiatives. The Indian side emphasized that a stable, prosperous, and self-reliant Sri Lanka is essential for regional peace and economic integration.

Leader of the Opposition Sajith Premadasa expressed appreciation for India's consistent assistance during Sri Lanka's recent economic challenges, including crucial financial aid, fuel supplies, and humanitarian support. He underlined the need for continued collaboration in trade, tourism, and education to strengthen bilateral bonds.

The meeting also touched upon the broader regional context, including maritime security and cooperative frameworks such as BIMSTEC and the Indian Ocean Rim Association (IORA).

India's "Neighbourhood First" policy remains a cornerstone of its foreign policy approach, emphasizing mutual respect, shared prosperity, and collective resilience. The interaction with Premadasa is seen as part of New Delhi's ongoing efforts to engage constructively with all political stakeholders in Colombo — reinforcing India's role as a steadfast partner in Sri Lanka's journey towards recovery and sustainable growth.

## Rajasthan Cricket in Freefall

# When Politics Overshadowed the Pitch

FAIR REPORT

By Hemraj Tiwari

Rajasthan's cricket, once a nursery of raw talent, now lies trapped in the web of egos, committees, and political power play. The Rajasthan Cricket Association's (RCA) ad-hoc committee, meant to stabilize governance, has instead thrown the state's cricket into unprecedented chaos. Two teams have been announced for the same Ranji season — one by convener D.D. Kumawat, another by four dissenting members. The result? Total confusion, and the looming possibility of a BCCI ban on Rajasthan's participation.

**When Administrators Fight, Players Lose :** Behind every committee battle are hundreds of young players left stranded. Trials postponed. Selections disputed. Futures hanging by a thread. The ground reality is brutal: politics has replaced performance, and accountability is nowhere in sight. RCA, once a proud institution, now stands as a symbol of bureaucratic arrogance and administrative collapse.

**Echoes of an Old Scandal :** This isn't the first collapse. RCA has been suspended twice before — once under the Lalit Modi saga and again during internal faction wars. Each time, players paid the price. Today's crisis underlines a pattern — repeated government indifference and unchecked factionalism. Has Rajasthan learned nothing from its sporting past?

**Government Can't Stay Silent Anymore :** The Sports Department and the Chief Minister's Office must step in — not with another committee, but with decisive governance. The state's cricketing image is burning while ministers watch from the stands. If this rot continues, Rajasthan won't just lose matches — it will lose its cricketing soul.

The RCA has become a cautionary tale of what happens when politics colonizes sport. The time for silence is over. Rajasthan deserves better — its players, its fans, and its future demand nothing less.

# CEC Gyanesh Kumar and EC Vivek Joshi Interact with International Delegates Ahead of Bihar Assembly Elections

FAIR REPORT

**New Delhi** : Chief Election Commissioner (CEC) Shri Gyanesh Kumar and Election Commissioner Dr. Vivek Joshi addressed a delegation of international visitors from seven countries at the India International Institute of Democracy and Election Management (IIIDEM), New Delhi, on Monday. The interaction marked the commencement of the International Election Visitors' Programme (IEVP 2025), organized by the Election Commission of India (ECI) to share best practices in electoral management and democratic processes.




The visiting delegates, representing nations across Asia, Africa, and Europe, are in India to gain firsthand exposure to the conduct of free, fair, and transparent elections — a hallmark of the world's largest democracy. During their stay, they will travel to Bihar, where they will witness the upcoming Assembly Elections, observing key aspects such as polling station management, voter facilitation measures, and the deployment of Electronic Voting Machines (EVMs) and Voter Verifiable Paper Audit Trails (VVPATs).

Addressing the participants, CEC Gyanesh Kumar underscored India's unwavering commitment to electoral integrity, inclusivity, and transparency, calling elections "the living expression of people's sovereignty." Dr. Vivek Joshi highlighted the ECI's technological innovations and capacity-building initiatives that have strengthened voter confidence and global cooperation.

The IEVP 2025 reflects India's growing role as a global leader in election management, fostering dialogue and collaboration among emerging democracies. The programme aims to reinforce international

FAIR RAJASTHAN



**पंचायत चुनाव को लेकर भाजपा की रणनीति :** भाजपा मुख्यालय पर कार्यशाला आयोजित की गई, प्रदेशभर में आयोजित होंगे कार्यक्रम

# बिरसा मुंडा के बहाने भाजपा की आदिवासी वोट बैंक पर नजर

FAIR REPORT
जयपुर

पंचायत चुनाव से पहले भगवान बिरसा मुंडा के बहाने भाजपा ने कांग्रेस के परंपरागत आदिवासी और दलित वोट बैंक की किलेबंदी का बड़ा अभियान शुरू कर दिया है। राजस्थान भाजपा ने बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के बहाने विभिन्न कार्यक्रम शुरू किए हैं। इसी कड़ी में मंगलवार को भाजपा मुख्यालय पर कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें आगामी दिनों में पदाधिकारियों को आदिवासी समाज के बीच पकड़ मजबूत करने की रणनीति बताई गई। अभियान की शुरुआत 1 नवंबर से हो गई है जो 15 नवंबर तक चलेगी। जिसमें बिरसा मुंडा का प्रेरणादायी जीवन जन-जन तक पहुंचाने के लिए जनजाति गौरव वर्ष के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

एसटी मोर्चे के अध्यक्ष नारायण मीणा ने बताया कि बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर भाजपा प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करने जा रही है। इसके तहत कार्यक्रम को लेकर मंगलवार को बीजेपी प्रदेश कार्यालय में प्रदेश स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसके बाद अब जिला स्तर पर कार्यशाला होगी।

इसके बाद प्रदेश में स्कूल, कॉलेज सहित अन्य शिक्षण संस्थानों और संस्थाओं में चित्रकला, निबंध और भाषण प्रतियोगिताओं के साथ ही कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। प्रदेश में जिला स्तर पर भगवान बिरसा मुंडा की जीवनी पर प्रदर्शनियां भी लगाई जाएंगी। बीजेपी ने प्रदेश स्तर से लेकर जिलों तक आदिवासी समाज के कार्यकर्ता संयोजक और सह संयोजक तय किए हैं। इनके साथ ही सामान्य वर्ग के दो-दो कार्यकर्ताओं को जोड़ा जा रहा है, ताकि यह नहीं लगे कि बिरसा मुंडा केवल जनजातीय वर्ग के महापुरुष हैं, बल्कि वो सभी समाजों में समान रूप से माने जाते हैं।




### 32 फीसदी वोटों पर पकड़

राजस्थान में 32 फीसदी अनुसूचित जाति और आदिवासी मतदाता हैं। विधानसभा सीटों के लिहाज से देखें तो 200 विधानसभा सीटों में से 28 सीटें आदिवासियों के लिए रिजर्व है। मेवाड़ वागड़ अंचल में आदिवासी वोटरों की संख्या काफी ज्यादा हैं। राजनीतिक तौर पर इस अंचल का गठन उदयपुर की 8, राजसमंद की 4, चित्तौड़गढ़ की 5, प्रतापगढ़ की 2, बांसवाड़ा की 5 और डूंगरपुर की 4 सीटों से होता है। इसमें उदयपुर में 5, डूंगरपुर में 4, प्रतापगढ़ में 2, बांसवाड़ा में 5 सीटें एसटी और चित्तौड़गढ़ की एक सीट एससी के लिए आरक्षित है। राजस्थान के 8 जिलों में रहने वाली अनुसूचित जनजाति की संख्या 45.51 लाख है, जिनकी आबादी ज्यादातर ग्रामीण क्षेत्रों में है। अगले दो से तीन महीने में पंचायत चुनाव होने है। लिहाजा, भाजपा कांग्रेस के परम्परागत कहे जाने वाले आदिवासी और दलित वोट बैंक को लेकर बड़ा दांव चला है।

**विधानसभा उपचुनाव :** पूर्व मुख्यमंत्री ने भाजपा प्रत्याशी को जिताने की अपील की

# अंता चुनाव 'धनबल व जनबल' के बीच की सीधी लड़ाई : राजे

FAIR REPORT
जयपुर

अंता विधानसभा उपचुनाव को लेकर राजस्थान की राजनीति पूरी तरह गर्म हो चुकी है। पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे मंगलवार को बारां पहुंचीं और उन्होंने इस चुनाव को लेकर एक बड़ा बयान दिया है। वसुंधरा राजे ने अंता उपचुनाव को 'धनबल और जनबल' के बीच की सीधी लड़ाई बताया है। उन्होंने साफ कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि जीत हमेशा जनबल (जनता की ताकत) की होती है। उन्होंने यकीन जताते हुए कहा कि जनता इस बार भी धनबल के ऊपर प्रभाव डालते हुए हमारे लोकल उम्मीदवार मोरपाल सुमन को जिताने का काम करेगी।

पूर्व सीएम ने बताया कि अंता के लोगों की लंबे समय से स्थानीय प्रत्याशी की मांग थी। लोगों की बात मानते हुए ही बीजेपी ने मोरपाल सुमन को टिकट दिया है, जो पूरी तरह से लोकल हैं। राजे ने अंता के मतदाताओं से अपील की कि मोरपाल उनका 'घर का व्यक्ति' है और उसे सपोर्ट करने में कोई कमी न रखें। उन्होंने कहा कि मोरपाल की जीत से अंता की जनता को तीन प्रतिनिधि मिलेंगे-खुद मोरपाल, सांसद दुष्यंत (उनके बेटे) और वह स्वयं। राजे ने जोर देकर कहा कि स्थानीय प्रत्याशी को टिकट देने से लोगों का जो विश्वास मिला है, वह उनके लिए एक 'कर्जा' है। यह कर्जा उन्हें चुकाना ही पड़ेगा। वसुंधरा राजे ने दावा किया कि यह चुनाव केवल मोरपाल का नहीं है, बल्कि पूरे भाजपा परिवार के कार्यकर्ता इसे लड़ रहे हैं, और मोरपाल की जीत हर कार्यकर्ता की जीत होगी।

बताते चलें कि सुमन वर्तमान में बारां पंचायत समिति के प्रधान हैं और माली समाज से आते हैं, जो अंता क्षेत्र में एक प्रभावी वोट बैंक है। सुमन की पत्नी नटी बाई भी वर्तमान में सरपंच हैं। संगठन में उनका लंबा अनुभव है। वह 1992 में युवा मोर्चा देहात मंडल अध्यक्ष से लेकर भाजपा ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष, सरपंच, जिलामंत्री और लगातार जिला महामंत्री (2016 से) जैसे कई महत्वपूर्ण पदों पर रह चुके हैं।



### मोरपाल के पास 1 करोड़ की संपत्ति

भाजपा के 10वीं पास उम्मीदवार मोरपाल सुमन के पास 45 लाख रुपए की चल और 55 लाख रुपए की अचल संपत्ति है। इसके अलावा उनकी पत्नी के पास कुल 25 लाख 28 हजार रुपए की कुल संपत्ति है। मोरपाल सुमन के पास 1 मोटर साइकिल, एक ट्रैक्टर और एक स्कॉर्पियो कार भी है, जो उन्होंने 12 मई 2025 को ही खरीदी है। इसके अलावा मोरपाल सुमन के पास डेढ़ तोला सोना और उनकी पत्नी के पास 500 ग्राम चांदी के साथ 50 ग्राम सोना भी है। उन पर कुल 17 लाख 50 हजार रुपए के लोन दायित्व हैं। मोरपाल सुमन अपनी आय का स्रोत कृषि और एलआईसी एजेंट के साथ प्रधान पद के मानदेय को बताते हैं।

## कांग्रेस ने लगाई नेताओं की फौज, पायलट करेंगे रोड शो

**जयपुर।** राजस्थान में अंता विधानसभा सीट पर उपचुनाव होने वाला है। इस सीट पर 11 नवंबर को मतदान होने वाला है। वहीं अंता सीट पर उपचुनाव काफी रोचक होने वाला है। क्योंकि अंता में त्रिकोणीय मुकाबला है। क्योंकि यहां बीजेपी और कांग्रेस उम्मीदवार के सामने नरेश मीणा की चुनौती है। ऐसे में कांग्रेस अंता सीट पर जीत दर्ज करने के लिए पूरी ताकत झोंक दी है। कांग्रेस अंता सीट पर प्रचार प्रसार के लिए कांग्रेस नेताओं की फौज लगा दी है। कांग्रेस ने 56 नेताओं को जिम्मेदारी सौंपी है। जिसकी सूची जारी की गई है। इससे पहले गोविंद सिंह डोटासरा समेत कई बड़े नेता यहां प्रचार के लिए पहुंच चुके हैं। जबकि कांग्रेस के दिग्गज नेता और पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट भी अंता में रोड शो करने वाले हैं। सचिन पायलट 5 नवंबर को अंता में बड़ा रोड शो करने वाले हैं। उनके साथ प्रहलाद गुंजल और अन्य नेता साथ रहेंगे। सचिन पायलट सुबह 10 बजे अंता पहुंचेंगे। अंता विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस ने अपने चुनावी अभियान को गांव-गांव तक पहुंचाने की रणनीति के तहत 56 नेताओं को ग्रामीण इलाकों की जिम्मेदारी सौंपी है। प्रत्येक नेता को तीन-तीन गांव का प्रभारी बनाया गया है, जो स्थानीय स्तर पर मतदाताओं से संपर्क कर कांग्रेस प्रत्याशी प्रमोद भाया के पक्ष में माहौल बनाएंगे। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा के निर्देश पर बनाई गई इस टीम का मुख्य लक्ष्य ग्रामीण वोट बैंक पर फोकस करना और चुनावी मैनेजमेंट को मजबूत बनाना है। सभी प्रभारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे गांवों में जनसंपर्क करें, स्थानीय मुद्दों पर बातचीत करें।

## 'झूठ की राजनीति कांग्रेस की पहचान बनी'

FAIR REPORT
जयपुर

अंता विधानसभा सीट के उपचुनाव के बीच भाजपा और कांग्रेस में सियासी जंग जारी है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ पर आचार संहिता के उल्लंघन सहित आपराधिक मुकदमे दर्ज होने के आरोप लगाए। इन आरोपों का राठौड़ ने जोरदार पलटवार किया। राठौड़ ने कहा कि 'झूठ और भ्रम की राजनीति' कांग्रेस की पहचान बन चुकी है। उनके खिलाफ एक भी मुकदमा दर्ज नहीं है, डोटासरा जानबूझकर झूठ बोल रहे हैं।



राठौड़ ने अंता सीट पर भाजपा की जीत को लेकर दावा करते हुए कहा कि माहौल पूरी तरह से भाजपा प्रत्याशी मोरपाल के पक्ष में है। उन्होंने कहा कि मोरपाल स्थानीय, योग्य और निष्कलंक छवि के साथ-साथ सेवाभावी नेता हैं, जबकि कांग्रेस प्रत्याशी पर दर्जनों मुकदमे दर्ज हैं। जनता अपराधी छवि वाले उम्मीदवार को नहीं, बल्कि एक सेवक को चुनना चाहती है। भाजपा नेता ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि डोटासरा का बयान कांग्रेस में मची गुटबाजी और नेतृत्वहीनता की हताशा को दर्शाता है। कांग्रेस चार टुकड़ों में बंटी है - एक खेमा दिल्ली दरबार का, दूसरा पायलट का, तीसरा डोटासरा का और चौथा टिकट दलालों का, जबकि भाजपा में विचारों की एकता है।

डोटासरा द्वारा लगाए गए आचार संहिता उल्लंघन के आरोपों को खारिज करते हुए राठौड़ ने कहा कि डोटासरा ने जल्दबाजी में बयान दे दिया। पहले मेरा बयान सही से सुन लेना चाहिए था। 'मंत्री बन सकते हैं' और 'मंत्री बनेंगे' में बहुत अंतर होता है। हमने केवल संभावना जताई है। राठौड़ ने भाजपा सरकार की उपलब्धियों को रेखांकित करते हुए कहा कि हमारी सरकार ने ईआरसीपी, लाडली बहना योजना, मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि, मुफ्त बिजली और गैस योजनाओं जैसे ठोस कदम उठाए हैं।

## हादसे के लिए सरकार जिम्मेदार : प्रताप सिंह

FAIR REPORT
जयपुर

पूर्व मंत्री और कांग्रेस नेता प्रताप सिंह खाचरियावास ने हरमाड़ा डंपर हादसे के लिए बजरी माफिया और सरकार को जिम्मेदार बताया। प्रताप सिंह ने मंगलवार शाम को एक बयान जारी कर कहा कि डंपर की टक्कर से 14 लोगों की मौत हो जाती है, कई लोग गंभीर रूप से घायल हो जाते हैं, इसके लिए राजस्थान की भाजपा सरकार जिम्मेदार है। यह सब इसलिए हो रहा है कि बजरी ठेकेदार और माफिया खुलेआम प्रदेश में घूम रहे हैं। बजरी की कालाबाजारी हो रही है। बजरी माफिया और पुलिस की सांठगांठ के चलते डंपर दिन में ही मौत बनकर दौड़ रहे हैं। पूर्व मंत्री ने कहा कि सरकार के ही मंत्री किरोड़ी लाल मीणा भी कई बार कह चुके हैं कि बीसलपुर से हर दिन 5 करोड़ की बजरी निकाली जा रही है। पूर्व मंत्री ने भाजपा सरकार पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि डंपर से 14 लोगों की मौत हो जाती है और मंत्री जवाब दे रहे हैं कि परिवहन विभाग की कोई गलती नहीं है। इससे बेतुका बयान कुछ और हो नहीं सकता है। इस हादसे के लिए केवल परिवहन विभाग और बजरी माफिया ही जिम्मेदार है।

**टीकाराम जूली ने भाजपा पर लगाए आरोप :** राजस्थान में दूसरे चरण में एसआईआर करा सकती थी सरकार

# 'टाले जा रहे निकाय व ग्राम पंचायतों के चुनाव'

FAIR REPORT
जयपुर

राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने आरोप लगाया कि भाजपा एसआईआर के नाम पर गरीब लोगों के नाम कटवाना चाहती है। प्रदेश में विधानसभा चुनाव अभी तीन साल दूर हैं। ऐसे में सरकार प्रथम चरण के बजाय राजस्थान में दूसरे चरण में एसआईआर करा सकती थी। उन्होंने आरोप लगाया कि एसआईआर के नाम पर सरकार प्रदेश में नगर निकायों एवं ग्राम पंचायतों के चुनाव से लोगों का ध्यान भटकाना चाह रही है। प्रतिपक्ष नेता जूली मंगलवार को अलवर स्थित अपने कार्यालय पर पत्रकारों से बात कर रहे थे।




नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि प्रदेश में 4 नवंबर से एसआईआर की प्रक्रिया शुरू हो रही है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में सरकार नगर निकाय एवं पंचायतों के चुनाव समय पर करा नहीं पा रही है। पिछले काफी समय से इन चुनावों को किसी न किसी बहाने टालती रही है। सही बात यह है कि सरकार की निकाय व पंचायत कराने की कोई तैयारी नहीं है। सरकार एसआईआर के नाम पर छह महीने और इन चुनावों को टालना चाहती है। भाजपा जानती है कि वे चुनाव हारेंगे, इसलिए एसआईआर का बहाना कर रहे हैं। वहीं, राजस्थान में अभी विधानसभा व लोकसभा चुनावों में तीन साल की देरी है। इस कारण यहां एसआईआर कराने में जल्दबाजी करने का कोई मतलब नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार प्रदेश में बिना किसी तैयारी के एसआईआर कराना चाह रही है। बीएलओ की अचानक मीटिंग बुलाई जा रही है। बीएलए को अचानक सूचना दी जा रही है। एसआईआर की तैयारी के नाम पर लोगों की शादी-ब्याह की व्यस्तता का भी ध्यान नहीं रखा जा रहा है। सरकार केवल पंचायत व निकाय चुनावों से ध्यान भटकाने के लिए एसआईआर करा रही है। इसमें भी सरकार की कोई प्लानिंग नहीं है और न कोई तैयारी है। सरकार एसआईआर के नाम पर केवल औपचारिकता करना चाहती है।

### गरीबों के नाम हटाए जाएंगे

नेता प्रतिपक्ष जूली ने आरोप लगाया कि राजस्थान में एसआईआर के नाम पर गरीब लोगों के वोट काटने की तैयारी है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में दूसरे में फेज में एसआईआर कराया जा सकता है, इससे प्रदेश में कोई फर्क नहीं पड़ने वाला था। अभी तो चुनाव आयोग प्रथम चरण में 12 राज्यों एसआईआर करा रहा है। देश में एसआईआर का दूसरा चरण भी होना है। ऐसे में जल्दबाजी की जरूरत नहीं थी। उल्लेखनीय है कि, चुनाव आयोग की ओर से देश में एक साथ एसआईआर कराने का निर्णय किया गया है।

## ब्रीफ खबरें

### सोलर बिजली पर प्रति यूनिट 55 पैसे की वृद्धि, जारी की नई दरें



जयपुर। राजस्थान में रूफटॉप सोलर सिस्टम के उपभोक्ताओं को अतिरिक्त बिजली के बदले ज्यादा दर पर भुगतान मिलेगा। सोलर सिस्टम से बिजली उत्पन्न करने वाले उपभोक्ताओं को इससे राहत मिलेगी। जयपुर विद्त वितरण निगम लिमिटेड और अन्य डिस्कॉम्स ने नई दरें जारी की हैं। अब उपभोक्ताओं को पहले की तुलना में 2.71 रुपए प्रति यूनिट दर की जगह 3.26 रुपए प्रति यूनिट का भुगतान किया जाएगा। यानी प्रति यूनिट 55 पैसे की बढ़ोतरी की गई है। यह आदेश राजस्थान विद्त नियामक आयोग के निर्णय के बाद लागू किया गया है। आदेश मौजूदा बिलिंग माह से प्रभावी रहेगा। जयपुर विद्त वितरण निगम लिमिटेड ने सोलर पैनल लगाने वाले उपभोक्ताओं के लिए बिजली का नया रेट तय किया है। अब जिन उपभोक्ताओं ने नेट मीटरिंग सिस्टम लगाया है, उन्हें 3.26 रुपए प्रति यूनिट की दर से भुगतान मिलेगा। वहीं नेट बिलिंग सिस्टम वाले उपभोक्ताओं को 3.65 रुपए प्रति यूनिट के हिसाब से रकम दी जाएगी। ये रेट हाल ही तय नई बोली (बिडिंग) प्रक्रिया के बाद तय किए गए हैं। ये दरें 27 अक्टूबर से लागू हो गए हैं। सुपरिंटेंडिंग इंजीनियर (कॉमर्शियल) टी.सी. सिंघल ने बताया- यह नई दरें उन घरेलू उपभोक्ताओं पर भी लागू होंगी, जिनके पास पहले से नेट मीटरिंग कनेक्शन है।

### हॉर्स ट्रेडिंग से सरकारें गिराती है बीजेपी, राजस्थान में मुंह की खाई



**जयपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा- बीजेपी हॉर्स ट्रेडिंग से विपक्षी सरकारें गिराती है। राजस्थान में इन्हें मुंह की खानी पड़ी। हमारी सरकार गिरा नहीं पाए, हम लोग बच गए। 5 साल सरकार चलाई हम लोगों ने, हम जानते हैं किस प्रकार से हॉर्स ट्रेडिंग की गई है, कोई सोच नहीं सकता था। गहलोत ने कहा- विपक्षी पार्टियों की सरकारों को गिराने का जो काम इन्होंने किया है, इतिहास कभी माफ नहीं करेगा। मध्य प्रदेश, कर्नाटक और महाराष्ट्र की चुनी हुई सरकारें गिराई। 50- 50 करोड़ देकर आपने हॉर्स ट्रेडिंग की। क्या डेमोक्रेसी में इस तरह सरकारें गिराना उचित है? गहलोत पटना में मीडिया से बातचीत कर रहे थे। गहलोत ने कहा- सीबीआई, ईडी सहित केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग हो रहा है। इलेक्टरोल बॉन्ड से लोगों को लूट लिया। इधर से ईडी का नोटिस, उधर से 50 करोड़, 100 करोड़ बॉन्ड के नाम पर ले लिए और फिर वो नोटिस खत्म। सुप्रीम कोर्ट ने कहा- बॉन्ड खत्म हो, लेकिन खत्म होने से क्या होगा, पैसा तो उनके पास है। वो पैसा विपक्षी पार्टियों को खत्म करने में प्रयोग हो रहा है। गहलोत ने चुनाव आचार संहिता लागू होने के बाद भी महिलाओं को 10-10 हजार रुपए कैश बांटने के मुद्दे पर चुनाव आयोग पर सवाल उठाए।

### जयपुर में 1 लाख से अधिक परिगणना प्रपत्र वितरित किए

**जयपुर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआईआर-2026) के तहत जयपुर में पहले ही दिन 1 लाख 21 हजार 747 परिगणना प्रपत्रों का वितरण किया गया। यह कार्यक्रम 27 अक्टूबर को घोषित किया गया था, जिसके तहत 4 दिसंबर तक बी.एल.ओ. घर-घर जाकर मतदाताओं से प्रपत्र भरवा रहे हैं। संभागीय आयुक्त पूनम ने हवामहल विधानसभा क्षेत्र के भाग संख्या 51 और 54 का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े अधिकारियों और कर्मचारियों से फीडबैक लिया। आयुक्त ने सभी मतदाताओं से अपील की है कि वे परिगणना



प्रपत्र भरने में बी.एल.ओ. का सहयोग करें और पिछले विशेष गहन पुनरीक्षण से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराएं, ताकि उनकी मैपिंग पूर्ववर्ती मतदाता सूची से की जा सके। जयपुर उप जिला निर्वाचन अधिकारी मेघराज मीणा ने बताया, जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी के निर्देशों पर बूथ लेवल अधिकारी घर-घर जाकर परिगणना प्रपत्रों का वितरण कर रहे हैं।

ब्रीफ खबरें

## हिस्ट्रीशीटर ने ढाबे में कर्मचारियों पर बरसाए डंडे, एक का पैर तोड़ा



**पाली।** पाली में एक हिस्ट्रीशीटर ने सोमवार की देर रात जमकर आतंक मचाया और वहां मौजूद लोगों पर ताबड़तोड़ वार किए। एक ढाबे का दरवाजा तोड़ हिस्ट्रीशीटर अपने साथी के साथ अंदर घुसा। फिर वहां सो रहे दो कर्मचारियों से बेरहमी से मारपीट की। दोनों कर्मचारियों पर डंडों से ताबड़तोड़ वार किए, जिसमें एक ढाबा-कर्मी का पैर फ्रेक्चर हो गया। घटना पाली शहर के औद्योगिक नगर थाना क्षेत्र में सोमवार की देर रात आईटीआई रोड स्थित सिद्धार्थ ढाबा पर हुई। इसका सीसीटीवी वीडियो मंगलवार को सामने आया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गाली- गलौज करते हुए आरोपी सोहन ढाबे के लकड़ी से बने गेट को डंडे से तोड़ देता है। फिर भीतर जाकर वहां सो रहे रमेश और भैरू पुरी से बेरहमी से मारपीट करता है। इस दौरान उसका साथी पूरी घटना का वीडियो बनाता रहा। ढाबे में यह पूरा घटनाक्रम वहां लगे कैमरे में भी कैद हो गया। औद्योगिक नगर थानाधिकारी देवी दान ने बताया- घ्टना में डंडे के वार से ढाबा कर्मचारी रमेश का पैर फ्रेक्चर हो गया। उसका पाली के बांगड़ हॉस्पिटल में इलाज जारी है। उसकी रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर मंगलवार को हिस्ट्रीशीटर और उसके साथी को हिरासत में ले लिया है। पीड़ितों का कहना है कि आरोपी शराब के लिए रुपए की मांग कर रहा था।

## महिला कर्मचारी से रेप: अश्लील फोटो-वीडियो से किया ब्लैकमेल

**अजमेर।** अजमेर के क्लॉक टावर थाना क्षेत्र में सरकारी कर्मचारी से रेप का मामला सामने आया है। पीड़िता ने एक सफाई कर्मचारी पर अश्लील फोटो और वीडियो वायरल करने की धमकी देकर चाकू की नोक पर रेप करने का आरोप लगाया है। पीड़िता की शिकायत पर क्लॉक टावर थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की जांच थाना प्रभारी भीखाराम काला की ओर से की जा रही है। क्लॉक टावर थाना पुलिस के अनुसार पीड़िता ने शिकायत देकर बताया कि एक सफाई कर्मचारी की ओर से उसे कॉल कर अजमेर आने के लिए दबाव बनाया गया। उसे अश्लील फोटो वीडियो वायरल करने की धमकी दी गई। लगातार



उसे फोन कर परेशान किया गया। वह परेशान होकर अजमेर आई तो आरोपी उसे ब्लैकमेल कर एक होटल में ले गया। पीड़िता ने बताया कि आरोपी ने उसे होटल में ले जाकर चाकू की नोक पर उसके साथ रेप किया। लगातार उसे ब्लैकमेल करके उसके साथ रूम में रेप किया। पुलिस के अनुसार जब वह होटल से निकली तो उसे जान से मारने और वीडियो वायरल करने तक की धमकी दी गई।

## शादी के घर में हुआ विस्फोट,13 लोग झुलसे, 2 की हालत गंभीर



**जोधपुर।** जिले के ग्रामीण इलाके के खेड़ापा थाना क्षेत्र के हरढाणी में मंगलवार शाम को शादी के घर में हुए एक विस्फोट में 13 जने घायल हो गए. इनमें से 2 की हालत गंभीर बताई जा रही है। सभी घायलों को ग्रीन कोरिडोर बनाकर जोधपुर लाया गया है। विस्फोट में घायल हुए दिनेश, गणपत, छोटू सिंह, गणेश बांता, ओमाराम, रामदास, राकेश और सुनील सहित 10 जनों को एमडीएम अस्पताल लाया गया, जबकि तीन अन्य घायल महात्मा गांधी अस्पताल में भर्ती है। पुलिस के अनुसार विस्फोटक ब्लास्ट से हुआ बताया जा रहा है। वहीं एएसपी ग्रामीण भोपाल सिंह लखावत ने बताया कि खेड़ापा थाना के हरढाणी गांव से सूचना आई थी कि सिलेंडर विस्फोट हुआ है। लेकिन जब थाने से पुलिसकर्मी मौके पर गया, तो पता चला कि वहां एक गैरेज पर वेल्डिंग का काम चल रहा था। उसकी चिंगारी उछलने और नजदीक में रखे विस्फोटक में गिरने से हादसा हुआ। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस कमिश्नर ओमप्रकाश पासवान सहित प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे। जबकि घायलों का कहना है कि शादी के घर में सिलेंडर विस्फोट होने से घायल हुए हैं। घायलों ने बताया कि हम शादी वाले घर के गेट पर खड़े थे. इतने में ब्लास्ट की आवाज आई, सिलेंडर फटा था। इससे पत्थर उछले और चोटें आ गई। पुलिस ने एफएसएल की टीम को मौके पर भेजा है।

## पहले चाकू से हमला, फिर मार दी गोली, हिस्ट्रीशीटर की हुई मौत

**बारां।** शहर के ओढ़पुरा बस्ती में पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक पर कुछ युवकों ने चाकू से वार के बाद गोली मार दी। घटना में गंभीर रूप से घायल शाहरुख नाम के युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश चौधरी ने बताया कि बदमाश सद्दाम, रेहान वह एक अन्य ने शाहरुख नाम के शख्स जो कि कोतवाली थाने का हिस्ट्रीशीटर है, उस पर चाकू से हमला कर गोली मार दी। जिसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल के जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई. उन्होंने बताया कि घटनास्थल पर हमारा एक पुलिसकर्मी



मौजूद था, जिसने तुरंत ही एक बदमाश को मौके पर दबोच लिया। वहीं, अन्य बदमाश मौके से फरार हो गए। परिजनों की रिपोर्ट के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि एफएसएल टीम को कॉल किया गया है, जल्दी एफएसएल टीम मौके पर आकर आवश्यक से साक्ष्य जुटाएगी। पुलिस के अनुसार एक अन्य बदमाश की तलाश की जा रही है।

टिकट खरीदना भी था एक संयोग, पंजाब सरकार की बंपर लॉटरी में कोटपूतली के युवक के निकला इनाम

# सब्जी वाले की बल्ले-बल्ले, लगी 11 करोड़ की लॉटरी

FAIR REPORT
**कोटपूतली**

किस्मत कब और कैसे बदल जाए, यह कोई नहीं जानता। राजस्थान के एक सब्ज़ी विक्रेता के साथ कुछ ऐसा ही हुआ है। पंजाब की यात्रा, एक दोस्त की छोटी सी मदद और पंजाब सरकार की बंपर लॉटरी ने एक शख्स की किस्मत बदल दी, मगर वह लापता था। 11 करोड़ का बंपर इनाम जिस व्यक्ति का निकला था उसका पता ही नहीं चल रहा था। कोई भी व्यक्ति इनाम लेने नहीं पहुंचा था। नियम के अनुसार, अगर 25 दिनों में दावा नहीं ठोका जाता तो इनाम की रकम सरकार के पास जमा हो जाती। एजेंसी वाले भी विजेता को ढूंढ रहे थे। आखिरकार पांच दिन बाद 11 करोड़ रुपये का विजेता मिल गया।

लॉटरी विजेता की पहचान राजस्थान के जयपुर जिले के कोटपूतली गांव के अमित सेहरा के रूप में की गयी। वह गांवों में सब्जियां बेचकर अपनी आजीविका चलाता है। पूरा परिवार मंगलवार को अपनी लॉटरी की रकम लेने चंडीगढ़ आया था। उसकी पत्नी और दो बच्चे भी उसके साथ थे। जानकारी के अनुसार अमित सेहरा किसी काम से बठिंडा आया था. यहीं पर उसने लॉटरी की टिकट खरीदी थी. उसने कभी नहीं सोचा था कि उसकी किस्मत इतनी जल्दी बदल जाएगी।



### चाय पीते हुए खरीदा था टिकट

अमित सेहरा ने बताया कि वह अपने चाचा के साथ मोगा घूमने आया था। बठिंडा में चाय पीने के लिए रुका. उसका दोस्त मुकेश भी उसके साथ था। उसने बताया कि कई बार लॉटरी का टिकट खरीदा, लेकिन इनाम नहीं मिला। उसने अमित से टिकट खरीदने को कहा, अमित ने मुकेश से ही पैसे उधार लिये और दो टिकट खरीदे। साथ ही वादा किया कि अगर उसे 11 करोड़ रुपये मिले तो उनकी बेटियों को एक करोड़ रुपये दे देगा. लॉटरी विजेता ने कहा कि दो टिकट खरीदे थे। एक अपने नाम से और दूसरा पत्नी के नाम से, पत्नी के नाम वाले टिकट पर भी 1,000 रुपये का इनाम निकला। कुल इनाम 11 करोड़ 1,000 रुपये का मिला। अमित ने पंजाब सरकार का शुक्रिया अदा किया। कहा, कि सबसे पहले अपने दोस्त को एक करोड़ रुपये देगा और अपना वादा पूरा करेगा। उसने कहा कि दोस्त की बेटियां उसकी बेटियों के समान है।

बड़ा सवाल: 2300 किमी बिना रोक-टोक मणिपुर से राजस्थान पहुंचा

# 15 करोड़ की स्मैक के साथ मेहंदीपुर में पकड़े दो तस्कर

FAIR REPORT
**दौसा**

मेहंदीपुर बालाजी इलाके में सोमवार देर रात नशे के नेटवर्क पर अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई हुई। सूचना के बाद एजीटीएफ, एनटीएफ, एसओजी और बालाजी के थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने स्मैक की एक ऐसी डील पर पानी फेर दिया, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में करीब 15 करोड़ रुपए बताई गई। टीम ने खेड़ापहाड़पुर के समीप नेशनल हाईवे 21 से बिना नंबर की नई स्कॉर्पियो एसयूवी को रोकते हुए दो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के कब्जे से 10 किलो 692 ग्राम स्मैक बरामद की गई। एसपी सागर ने बताया कि तस्कर मादक पदार्थ मणिपुर से लेकर मेहंदीपुर बालाजी तक लेकर आए थे। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि स्मैक को मंदसौर लेकर जा रहे थे।




**बिना रोक-टोक कई राज्य किए पार**

सबसे बड़ा सवाल यह है कि मणिपुर से मेहंदीपुर बालाजी तक 2300 किलोमीटर का सफर तय करने वाली बिना नंबर की एसयूवी को रास्ते में किसी ने क्यों नहीं रोका? देश की कई राज्य सीमाएं, चेकपोस्ट, टोल नाके और थाने पार करने के बावजूद किसी की नजर नहीं पड़ी।

### 10.692 किलो स्मैक बरामद

पुलिस की एक विशेष टीम को मध्यप्रदेश रवाना किया गया है, जहां से तीसरे आरोपी को भी डिटेन करने की जानकारी सामने आई है। एसपी सागर राणा रात करीब 12 बजे मेहंदीपुर बालाजी पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल का मुआयना किया और आरोपियों से गहन पूछताछ की। एसपी ने बताया कि जब्त की गई स्मैक की क्वालिटी यूनिक है, जो किसी बड़े इंटरनेशनल नेटवर्क से जुड़ाव की ओर इशारा करती है। तस्करों के कब्जे से 10 किलो 692 ग्राम अवैध मादक पदार्थ जब्त किया है। दोनों आरोपियों प्रकाश कुमार (25) पुत्र भेराराम विश्नोई सारणों की ढाणी, करावड़ी, जालौर और प्रकाश (30) पुत्र मोहन लाल विश्नोई मोखातरा, सेवाड़ को गिरफ्तार कर लिया है।

## चंद्रभागा कार्तिक मेले की शुरुआत, होंगे बड़े आयोजन



**झालावाड़।** प्रदेश में छोटी काशी व घंटियों के शहर के नाम से विख्यात झालरापाटन में प्रतिवर्ष पशुपालन, पर्यटन विभाग व प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में पशु मेले का आयोजन किया जाता है। चंद्रभागा नदी के तट पर लगने वाला यह मेला पुष्कर मेले के बाद राज्य का दूसरा सबसे बड़ा मेला है, जहां हाड़ौती, मध्य प्रदेश सहित कई राज्यों के पशुपालक, व्यापारी व बड़ी संख्या में देशी-विदेशी पर्यटक पहुंचते हैं। यह मेला सामान्यतः पशुओं की खरीद बिक्री के लिए पहचाना जाता है। यहां बड़ी संख्या में गाय, बैल, ऊंट, घोड़े आदि की खरीद-फरोख्त की जाती है. यहां पहुंचने वाले नागौरी बैल और मारवाड़ी घोड़े शुरुआत से ही इस मेले का प्रमुख आकर्षण रहे हैं। यह मेला पशुपालकों,व्यापारियों के लिए उनकी आजीविका तथा खेती-बाड़ी के साधन से जुड़ा हुआ है, वहीं दूसरी ओर लोगों की आस्था का भी केंद्र है।

## चार सदस्यों की मौत के बाद जागा प्रशासन

FAIR REPORT
**अलवर**

शहर के समीप छठी मील के पास तीन दिन पहले हुई सड़क दुर्घटना में एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौत के दर्दनाक हादसे के बाद प्रशासन की नींद खुली है। खुद जिला कलक्टर व पुलिस अधीक्षक अन्य अधिकारियों के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और ऐसी घटनाओं पर तुरंत रोक लगाने के लिए सड़क सुरक्षा अभियान चलाने के निर्देश दिए। अब प्रशासन अभियान के दौरान तकनीक के जरिए जिले भर में दुर्घटना-संभावित स्थलों को तलाशेगा। साथ ही, वहां सीसीटीवी कैमरे एवं अन्य तकनीक के माध्यम से सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के उपाय करेगा, जिससे



जिले में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शरण कांबले ने बताया कि तीन दिन पहले अलवर शहर के समीप हुए सड़क हादसे में एक परिवार के चार लोगों की मौत हो गई थी। प्रशासन अब जिले में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए उपाय करने में जुटा है।

## रेस्टोरेंट में लगी आग, खाना खाते भागे लोग

**उदयपुर।** शहर के उदयापोल चौराहा के पास रजवाड़ी थाल रेस्टोरेंट में मंगलवार को अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। आग लगते ही रेस्टोरेंट में खाना खा रहे लोग जान बचाकर भाग निकल आए। वहीं, पूरा स्टाफ भी बाहर आ गया। पूरे रेस्टोरेंट में आग की लपटें फैलती गई। खिड़की और दरवाजे से तेज धुएं के गुबार नजर आने लगे। गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई। सूचना पर फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। आग लगने के पीछे का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। इस दौरान पूरे क्षेत्र में भीड़ जमा होने से जाम लग गया।

## कुलगुरु बोले- विश्वविद्यालय की टीम भावना ही सबसे बड़ी शक्ति

FAIR REPORT
**सीकर**

पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर में मंगलवार को अधिकारियों और कर्मचारियों का दीपावली स्नेह मिलन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ शेखावाटी विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. अनिल कुमार राय, कुलसचिव श्वेता यादव, परीक्षा नियंत्रक प्रो. राजेंद्र सिंह समेत वरिष्ठ अधिकारियों ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय और मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर किया। कार्यक्रम में 'वाइस चांसलर ऑफ द ईयर' ग्लोबल अवार्ड मिलने पर अधिकारियों ने कुलगुरु प्रो.




राय का माला एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया। साथ ही कुलसचिव श्वेता यादव ने भी कुलगुरु का अभिनंदन करते हुए विश्वविद्यालय के नेतृत्व के लिए उन्हें बधाई दी। इस अवसर पर कुलसचिव ने कहा कि कुलगुरु प्रो. राय के नेतृत्व में विवि परिवार की एकता, परिश्रम और सकारात्मक कार्य संस्कृति ने संस्थान को नई पहचान दी है। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक पारदर्शिता, समयबद्धता और टीम भावना ही शेखावाटी विवि के विकास की मुख्य धुरी है। अंत में कुलगुरु राय ने कहा कि विश्वविद्यालय परिवार की सामूहिक ऊर्जा, टीम भावना और समर्पण ही सबसे बड़ी शक्ति है।

पुष्कर मेला 2025 : मटका दौड़ और म्यूजिकल चेयर में प्रथम दो स्थानों पर स्थानीय, तीसरे स्थान पर रहीं विदेशी

# मेले की सतरंगी छटा ने देशी-विदेशी पावणों को लुभाया

जागो इंडिया जागो
**अजमेर**

अंतरराष्ट्रीय श्री पुष्कर मेला की सतरंगी छटा देशी-विदेशी पावणों को काफी लुभा रही है। मेले में विभिन्न संस्कृति से जुड़े लोग एक होकर लुत्फ उठा रहे हैं। मंगलवार को पारंपरिक खेल मटका दौड़ और म्यूजिकल कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता का आयोजित किया गया। दोनों ही प्रतियोगिता में स्थानीय और विदेशी महिला पर्यटकों ने भाग लिया। इसके अलावा अंतर पंचायत समिति की खेलकूद प्रतियोगिताएं भी आयोजित हो रही हैं, जिसमें रस्साकशी, कबड्डी, वॉलीबॉल आदि खेल शामिल हैं। पशुपालन विभाग के अधिकारी और पुष्कर मेले में खेलकूद प्रतियोगिताओं के प्रभारी डॉ. कुलदीप अग्रवाल ने बताया कि मंगलवार को पारंपरिक खेलों की श्रृंखला में मटका दौड़ प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें पांच विदेशी और आठ स्वदेशी महिलाओं सहित कुल 13 प्रतियोगियों ने भाग लिया। सिर पर पानी से भरा मटका लेकर स्थानीय और विदेशी पर्यटक महिलाओं ने दौड़ लगाई। इसमें बांदरसिंदरी निवासी आशु चौधरी प्रथम, द्वितीय स्थान पर मोना चौधरी और तीसरे स्थान पर फ्रांस की कैंडेन रही। तीनों विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। डॉ. अग्रवाल ने बताया कि म्यूजिकल कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता में 35 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इसमें आठ विदेशी महिलाएं भी शामिल रहीं।



### पहली बार कुश्ती दंगल, जुटे 125 पहलवान

म्यूजिकल कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता में विजेताओं को पुरस्कृत किया गया एवं अन्य प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिए गए। उन्होंने बताया कि देशी-विदेशी पर्यटकों के साथ-साथ अंतर पंचायत समिति की प्रतियोगिताएं भी मेला मैदान में आयोजित हो रही हैं। मंगलवार को रस्साकशी प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला केकड़ी और श्रीनगर के बीच हुआ। जिसमें श्रीनगर पंचायत समिति के खिलाड़ियों ने दमखम दिखाते हुए बाजी मारी। इसी तरह कबड्डी प्रतियोगिता का फाइनल मैच केकड़ी और श्रीनगर के बीच हुआ। जिसमें केकड़ी के खिलाड़ियों ने जीत हासिल की। वॉलीबॉल की फाइनल प्रतियोगिता भीनाय और सांवर के बीच हुई। जिसमें भीनाय पंचायत समिति के खिलाड़ियों ने जीत दर्ज की। अंतर पंचायत समिति की खेलकूद प्रतियोगिताएं भी मेले में आने वाले लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र रही। वहीं यहां पहली बार कुश्ती दंगल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। राजस्थान कुश्ती एसोसिएशन के अध्यक्ष और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के ओएसडी राजीव दत्ता की 'हर मेले में कुश्ती' की धारणा को इस आयोजन के माध्यम से साकार किया गया। प्रतियोगिता में ब्यावर और अजमेर जिले के 125 पहलवानों ने भाग लिया, जिनमें महिला और पुरुष दोनों वर्गों के खिलाड़ी शामिल थे। विशेष बात यह रही कि विदेशी पर्यटकों ने भी इस प्रतियोगिता में भाग लेकर अपना दमखम दिखाया।

# CM Bhajanlal Sharma Pays Tribute to Late Smt. Indira Devanani in Ajmer

FAIR REPORT



**Ajmer:** Rajasthan Chief Minister Bhajanlal Sharma visited the residence of Assembly Speaker Vasudev Devanani in Ajmer on Monday to pay his last respects to late Smt. Indira Devanani, the Speaker's wife. The Chief Minister laid a floral wreath on the mortal remains of the departed soul and expressed his heartfelt condolences to the bereaved family. During his visit, Shri Sharma offered words of comfort to Shri Vasudev Devanani and other family members, assuring them of strength and support in this hour of profound loss. He also prayed to the Almighty for peace to the departed soul and for courage to the family to bear the irreparable grief. The Chief Minister described Smt. Indira Devanani as a gracious and compassionate personality who had earned deep affection and respect in social and public life. He noted that her passing is not only a personal loss to the Devanani family but also a loss to all who had known her for her humility and warmth. Several dignitaries, public representatives, and well-wishers also arrived to offer condolences, reflecting the deep sense of sorrow that has enveloped Ajmer's political and social circles following her demise.

## Karauli Police Trace Three Missing Minor Girls from Uttar Pradesh Under 'Operation Khushi'

FAIR REPORT

**Jaipur :** In a major success under Operation Khushi, the Karauli Police have traced and safely recovered three missing minor girls from Hathras and Aligarh districts of Uttar Pradesh within ten days. Acting under the directives of Director General of Police, and supervision of Inspector General, Bharatpur Range Kailash Chandra Vishnoi, and Superintendent of Police Lokesh Sonwal, the police team achieved the breakthrough after examining nearly 1,000 CCTV camera footages.

SP Lokesh Sonwal informed that on October 25, a report of three missing minor girls was lodged at Mehandipur Balaji Police Station. Considering the sensitivity of the case, immediate directions were issued to Circle Officer Todabhim and the Station House Officer for swift action. A joint team comprising officials from District Special Team, Todabhim Police Station, and Mehandipur Balaji Outpost was formed under the supervision of Additional SP Satyendra Pal. Led by Sub-Inspector Kalicharan, the team used advanced technical and scientific tools to track the minors' movements. CCTV footage revealed that the girls had voluntarily boarded a tempo. Subsequent investigations at bus stands and railway stations across Mathura, Bharatpur, Dausa, Mahua, and Jaipur helped narrow down their trail to Uttar Pradesh.

Based on intelligence inputs, two girls were located near Hathras Junction and placed under the care of the One Stop Centre, Hathras, while the third girl was found using mobile tracking in Pathar Bazaar, Aligarh. All three were safely recovered on Monday. During questioning, the girls confirmed that they had traveled voluntarily by train from Bharatpur and had not been abducted. SP Sonwal commended the police team, particularly Constable Mahesh and Woman Constable Khushbu, for their dedication and exemplary work.

## District Election Officer Conducts Inspection, Emphasizes Transparency and Accuracy



FAIR REPORT

**Chittorgarh:** Under the directives of the Election Commission of India, the Special Intensive Revision Programme – 2026 has begun across the district with the distribution of enumeration forms to voters. To ensure transparency, accuracy, and timely completion of the campaign, District Election Officer Alok Ranjan, Deputy District Election Officer Prabha Gautam, and several administrative officials were present in the field. District Election Officer Alok Ranjan inspected various polling stations and reviewed the work of BLOs (Booth Level Officers) distributing enumeration forms door-to-door, updating the voter list, and carrying out voter awareness activities. In Gandhinagar's part number 107, he interacted with BLO Devkinandan Vaishnav about the progress of the work, voter communication, and registration of new eligible voters. Chittorgarh Assembly Constituency's Electoral Registration Officer Beenu Deval was also present during the inspection.

### Inspection in Kapasan Area

During the inspection in the Kapasan Assembly constituency, Deputy District Election Officer Prabha Gautam instructed BLOs to ensure complete transparency, accuracy, and punctuality in the distribution and collection of enumeration forms. She emphasized that no eligible voter should be left out of the voter list and that area-wise verification should be done carefully. She inspected the work of BLOs at polling stations 142 (CBEO Office), 152 (Kesarkhedi), 158 (Kankariya), and parts 13 and 14 of the Singhana area. Local revenue and panchayat officials were also present during the inspection. As part of the Special Intensive Revision Programme, a voter awareness session was held at the Government Girls College. SIR's DLMT Dr. Kanakmal Jain informed students about the process and importance of filling out the enumeration form and addressed their queries.

## Governor of Sikkim Om Mathur Calls on Prime Minister Narendra Modi

FAIR REPORT



**New Delhi:**The Governor of Sikkim, Shri Om Mathur, called on Prime Minister Narendra Modi in New Delhi today. The meeting reflected the cordial relations between the Centre and the northeastern state and focused on key developmental and governance issues concerning Sikkim.

During the interaction, the Governor apprised the Prime Minister of the ongoing welfare initiatives, infrastructural projects, and socio-economic progress in the state. Discussions also covered areas such as tourism, connectivity, education, and sustainable development — sectors vital to Sikkim's growth trajectory.Prime Minister Modi appreciated Sikkim's consistent efforts toward environmental conservation and organic farming, reiterating the Centre's continued support for the state's holistic development. The meeting reaffirmed the government's commitment to strengthening cooperative federalism and ensuring that smaller Himalayan states like Sikkim continue to serve as models of ecological balance, good governance, and inclusive progress.

### "Only 10% Control the Army": Rahul Gandhi's Explosive Claim Sends Shockwaves Across Political Spectrum

**Patna/New Delhi,** In a statement that has jolted India's political and military establishment, Congress leader Rahul Gandhi alleged that a mere 10% of the population controls the nation's key institutions — including the Army, bureaucracy, and judiciary — while 90% remain excluded from power. Addressing an election rally in Bihar's Kutumba, Gandhi thundered, "If you look at the top 500 companies of India, you will not find Dalits, Adivasis, OBCs, or minorities. The same 10% run the bureaucracy, judiciary — and yes, even the Army." His remarks, delivered amid a charged pre-election atmosphere, sparked an instant political firestorm.

## One held with over 9 quintals of illegal khair wood; pickup seized

FAIR REPORT



**Chittorgarh:** Nikumbh Police Station team carried out a major action and arrested a man involved in smuggling 9 quintals and 20 kilograms of illegal khair wood. The pickup vehicle used in the smuggling was also seized.

Superintendent of Police Manish Tripathi said the action was taken under the ongoing campaign against offences related to the Local and Special Acts. Acting on a tip-off from the DST team, the police team led by SHO Ramsingh, under the direction of ASP Sarita Singh and supervision of DySP Deshraj Kuldeep, set up a checkpoint and intercepted a pickup vehicle.

On inspection, police recovered 9 quintals and 20 kilograms of illegal khair wood from the vehicle. The accused, identified as Kishanlal, son of Shyamlal Gayari (25), resident of Gardana village under Nikumbh Police Station, district Chittorgarh, was arrested. Police are investigating further to trace the network involved in the illegal trade.

### Police Teams Involved

Nikumbh Police Station: SHO Ramsingh, ASI Asaram, Constables Ashok, Sandeep, and Vedram.

DST Team: Head Constable Pramod Kumar, Constables Ratansingh, Amit Kumar, Balram, and Ajay.

## Baran Police Crack Down Ahead of Anta Bypoll: Two Arrested with Opium, Pistol and Cash

FAIR REPORT

**Jaipur :** In a major breakthrough ahead of the upcoming Anta Assembly by-election, the Baran district police have intensified their crackdown on illegal weapons and narcotics under the twin operations — "Nasha Vinash" and "Shastra Prahar." Acting on the directives of Superintendent of Police Abhishek Andasu, the Chhabra Police arrested two suspects and seized 193 grams of opium, a pistol with one live cartridge, and 1,00,500 in cash. SP Andasu stated that the operation was carried out under the supervision of Additional SP Rajesh Choudhary and the leadership of CO Chhabra Vikas Kumar. During patrolling in Chhabra town, SHO Rajesh Kumar Khatana and his team noticed a motorcyclist attempting to flee upon seeing the police vehicle. The suspect, identified as Mukesh Jat (27), a resident of Mehram Nagar, Jodhpur (currently staying in Bapcha), was apprehended. A search revealed 9.93 grams of opium hidden in his pocket.

On interrogation, Mukesh confessed to having purchased the narcotics from Ram Swaroop Meena of Bawadikheda. Acting swiftly, police raided Meena's location, where another suspect, Suresh (son of Trilokchand, resident of Kohni Kawai), tried to escape but was captured. From his bag, police recovered 183 grams of opium, a pistol, a live cartridge, and 1,00,500 in cash.Under Operation Shastra Prahar, police have so far seized five country-made pistols, three automatic pistols, and five live cartridges, while Operation Nasha Vinash has led to the confiscation of 97 kg doda chura, 24.4 kg ganja, 30 grams smack, and 1,875 Aivil injections.

# Three-Day Service Campaign Concludes in Chittorgarh on MP C.P. Joshi's Birthday

### Various service activities held under the leadership of BJP District President Ratan Lal Gadari

FAIR REPORT

**Chittorgarh-** The Chittorgarh District Unit of the Bharatiya Janata Party (BJP) organized several service activities on Tuesday to mark the birthday of former BJP State President and Member of Parliament C.P. Joshi. These initiatives, carried out by the district organization and various party fronts, conveyed a strong message of service, compassion, and public welfare in society. District Media In-Charge Manoj Pareek informed that at the Chittorgarh district headquarters, under the leadership of BJP District President Ratan Lal Gadari, party officials and workers visited the Sanwaliyaji Government Hospital. There, they distributed fruits to patients and inquired about their health and well-being.

District President Gadari said that under the guidance of MP C.P. Joshi, the BJP organization in Chittorgarh is prioritizing service and generating a sense of positive energy in society. He added that politics should not be limited to power alone but must also take a leading role in public welfare and social good.



District General Secretary Raghu Sharma said that BJP's core aim is social service, and the service programs organized on MP Joshi's birthday reflect this very spirit. Another District General Secretary, Harshvardhan Singh Rood, mentioned that such service efforts promote harmony in society and strengthen the bond between the organization and the people.

The OBC Morcha distributed study materials, stationery kits, and essential supplies to students at the Sanwaliyaji Multipurpose Divyang School, Ramdevji Ka Chittorgarh. At the District Divyang Rehabilitation Center, located in the old district hospital campus, the Sukanya Samriddhi Yojana was launched to promote the financial empowerment of girl children. The event was coordinated by Ramgopal Ojha. Later, at Gyandeep Care Home in Madhuban Senti, children were provided with daily-use and educational materials.Across Chittorgarh district, various public representatives, office bearers, and BJP workers organized several service activities on MP Joshi's birthday. Over the past three days, these programs included cleaning and garlanding statues of great personalities, cleanliness drives at religious and public places, service at gaushalas (cow shelters), distribution of essential items to needy families, and providing study materials to students. Different BJP wings—including the Mahila Morcha, Yuva Morcha, Kisan Morcha, OBC Morcha, SC Morcha, and ST Morcha—along with several social organizations, actively participated in the campaign.

Through these three days of activities, a strong atmosphere of service was created in the district, spreading a positive message throughout society.

**rominent participants included:** Former District President Mithulal Jat, State Co-Treasurer Anil Sisodia, Kamlesh Purohit, Shravan Singh Rao, District Vice President C.P. Namdharani, District Treasurer Harish Inani, Mandal Presidents Sagar Soni,Gaurav Tyagi, Minority Morcha District President M.D. Sheikh, OBC Morcha District President Gotulal Suthar, District Spokespersons Sanju Laddha and Deepak Sharma, Media Co-Incharge Lokesh Tripathi, Office Head Prahlad Tailor, IT Department Convenor Nandkishor Lohar, Social Media Convenor Kuldeep Chaturvedi, City General Secretaries Ghanshyam Loth and Chandrashekhar Soni, Yuva Morcha President Avinash Sharma, former Chairman Sushil Sharma, Ravi Virani, Shantanu Kabra, Chandrashekhar Sharma, Bharti Vaishnav, Pinky Somani, Alka Chaturvedi, Tarawati Dhakad, Jaya Kanwar Bhagwati Acharya, Satpal Dua, Om Prakash Sharma, Kamlesh Ameria, Anil Inani, Shailendra Jhanwar, Kishan Sharma, Pramod Rajpurohit, Shivang Joshi, Vishnu Kumawat, Basantilal Sen, Gopal Sharma, Hemant Bhoi, Khemraj Bhoi, Nilesh Baldwa, Rajesh Mochi, Pankaj Sen, Shubham Sukhwal, Vineet Tiwari, Dheeraj Sukhwal, Shiv Menaria, Naveen Sukhwal, Ravi Menaria, Puran Rana, and many others.

Printed And Published By Loveena Wadhwa, Printed at Maharani printers plot no 17, MMA Vishno Nagar Kalwar Road Jaipur, Published at P1 Ambit Sapphire Jyoti Nagar Housing Board, JAIPUR RAJASTHAN 302005• Editor In Chief: Loveena Wadhwa• Editor: Sushil Pal •Managing Editor: Anish Thomas Responsible for Selection of News Under the PRB act. **Contact for news or Advertisement Fairreportjaipur@gmail.com**